प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 21.08.2025 (दोपहर–1455 बजे)

**************

राज्यसभा ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025, पर विचार करने और पारित करने के लिए उठाया। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देता है, जबकि हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेन–देन को प्रतिबंधित करता है। इस विधेयक का उद्देश्य व्यक्तियों विशेषकर युवाओं तथा संवेदनशील लोगों को इस प्रकार के गेम के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और निजता संबंधी प्रतिकूल प्रभावों से रक्षा करना है।

**************

देश में पिछले दस वर्षों में अंतरिक्ष क्षेत्र में अभूतपूर्व और उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2015 से 2025 के बीच पूरे किये गए मिशन 2005 से 2015 के बीच पूरे हुए मिशन से लगभग दोगुना है। उन्होंने कहा कि एक्सियम फोर मिशन प्रतिष्ठित मिशन है, क्योंकि शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाकर सुरक्षित लौटने वाले पहले भारतीय बने।

**************

रांची में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि राज्य में यूरिया की सप्लाई बढ़ाई जाएगी और कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे। साथ ही मंत्री ने अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों से नुकसान का ब्यौरा अंचल अधिकारियों को देने की अपील की, ताकि उन्हें शीघ्र राहत मिल सके।

**************

झारखंड के बहुचर्चित शराब घोटाले में आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे को जमानत मिलने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा।

श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स में कहा कि शराब घोटाले की जांच और गिरफ्तारी महज आंखों में धूल झोंकने का प्रयास था और बड़े अधिकारियों ने जानबूझकर चार्जशीट दाखिल नहीं की। गौरतलब है कि एसीबी द्वारा 90 दिनों में चार्जशीट दाखिल न करने के कारण अदालत ने विनय चौबे को जमानत दे दी।

**************

हजारीबाग में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर नगर निगम और परिवहन विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर जिला परिषद चौक से आनंदा चौक तक अतिक्रमण हटाया। नगर आयुक्त योगेंद्र प्रसाद निगम ने कहा कि अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और दुकानदारों को स्वतः अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध करते हुए जिला प्रशासन से दुकानदारों के लिए निश्चित जगह उपलब्ध कराने की मांग की।

**************

कोडरमा जिले में स्कूलों में स्वच्छता और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से महत्वाकांक्षी योजना शुरू की गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे कोडरमा संवाददाता–

**************

झारखंड की प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी और अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को आज चीन के हांगचाओ में 5 से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान नियुक्त किया गया है।

इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को 2026 के अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ–एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा।

*******समाप्त*******